राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः F7(4) NEP/Acad/CCE/2022-00707/Part-3

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः—राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा (Indian Knowledge System) के प्रचार प्रसार एवं राजकीय महाविद्यालयों में नोडल अधिकारी नामित करने हेतु।

सन्दर्भः—शासन उप सचिव—प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप—3) विभाग का पत्रांक प. 10(24)शिक्षा/ग्रुप—3/2024—04634 राजकाज नं. 11997342 दिनांक 25.11.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक महत्वपूर्ण घटक भारतीय ज्ञान परंपरा (Indian Knowledge System) है। भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमुख घटक ज्ञान, विज्ञान एवं जीवन दर्शन है, जिसमें कि भारतीय एस्ट्रोनॉमी, आयुर्वेद एवं योग, ध्यान आदि विभिन्न महत्वपूर्ण विषय सम्मिलित है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मार्च, 2023 में इस हेतु गाइडलाइन्स भी जारी की गई है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भी समय—समय पर इस हेतु आदेश प्रसारित किये जाते रहे है। इस हेतु एक वेबसाइट https://iksindia-org/about-php का निर्माण शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा चुका है।

निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के अधीन राजकीय महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा (Indian Knowledge System) केन्द्र स्थापित किया जाना है। इन केंद्रो के लिए राजकीय महाविद्यालय संकाय सदस्य को प्राचार्य द्वारा नोडल अधिकारी नामित भी किया जाना है।

भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र नियमित रूप से संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए सेमिनार, वर्कशॉप आदि अकादमिक गतिविधियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालयों, विशेषज्ञ संस्थानों के सहयोग से आयोजित करेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र संकाय सदस्यों को विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थानों द्वारा आयोजित किये जाने वाले रिफ्रेशर कोर्स MOOCS, Training of Trainers को विद्यमान नियमों के अधीन भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करेंगे। राजकीय महाविद्यालयों के ये केन्द्र भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमुख घटकों भारतीय एस्ट्रोनॉमी, आयुर्वेद एवं योग, ध्यान आदि को समाहित करते हुए इन घटकों का विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के मध्य प्रचार प्रसार करेंगे।

राजकीय महाविद्यालय प्रति माह भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की ई—मेल आई डी cceacademic2024@gmail.com में भी प्रेषित करेंगे ताकि मॉनिटरिंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

(डॉ0 ओमप्रकाश बैरवा)
आयुक्त

प्रतिलिपि —

1. विशिष्ट सचिव, माननीय उप—मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, विभाग, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. शासन उप सचिव प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप—3) विभाग, जयपुर।
5. निजी सचिव, अति. आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
6. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान।
7. वेबसाईट प्रभारी को अपलोड करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

(डॉ0 ओमप्रकाश बैरवा)
आयुक्त

Signature valid
Digitally signed by Om Prakash Bairwa
Designation : Commissioner
Date: 2024.11.28 20:45:12 IST
Reason: Approved